26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 26 दिसम्बर, 2025

अंक- 63 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को बाल पुरस्कार

## श्रवण ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जवानों की सेवा की, ब्योमा ने एक को बचाने में जान गंवाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** वीर बाल दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज 20 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया। इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया है।



14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी पुरस्कार लेने के लिए दिल्ली में हैं, इसलिए वे आज विजय हजारे टूर्नामेंट में मणिपुर के खिलाफ मैच नहीं खेल रहे हैं। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पाने वाले बच्चों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बॉर्डर पर जवानों को चाय-नाश्ता देने वाले फिरोजपुर के श्रवण सिंह भी शामिल हैं। 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। इनमें तमिलनाडु की ब्योमा और बिहार के कमलेश कुमार का नाम शामिल है। इनके पुरस्कार माता-पिता ने लिए। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के चार बेटों की शहादत के सम्मान में आयोजित किया जाता है। गुरु गोविंद सिंह के तीन पत्नियों से चार बेटे थे, जिनका नाम अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह था। इन्हें साहिबजादे भी कहा जाता है। 26 दिसंबर 1705 को चारों बेटों की मुगल सेना ने हत्या कर दी थी। उनकी शहादत का सम्मान करने के लिए पीएम मोदी ने 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। पीएम मोदी ने बच्चों से बात की और उनकी उपलब्धियों को जाना। सूरत गुजरात की रहने वाली 7 साल की शतरंज खिलाड़ी वाका लक्ष्मी प्रज्ञिका को खेल के क्षेत्र में पुरस्कार मिला। लक्ष्मी 2025 के फिडे वर्ल्ड स्कूल चेस चैंपियनशिप में अंडर-7 गर्ल्स श्रेणी में वर्ल्ड चैंपियन बनीं। उन्होंने सभी 9 मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया। मेडचल मलकाजगिरी तेलंगाना के रहने वाले 16 साल के विश्वनाथ कार्तिकेय पदकांति को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पुरस्कार मिला। उन्होंने पर्वतारोहण में सातवें समिट चैलेंज हर महाद्वीप की सबसे ऊंची छोटी पर औरा अंत में हिमालय पर चढ़कर पूरा किया।

**आवश्यकता**

देहली में छोटे घर के रखरखाव व खाना बनाने हेतु छोटा लड़का या महिला सम्पर्क करें।

मो. 9616555822

# उन्नाव दुष्कर्म केस :दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोगों का प्रदर्शन

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने घोषणा की है विरोध प्रदर्शन तुरंत खत्म कर दिया जाए, नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा है कि अगर आप विरोध करना चाहते हैं, तो जंतर-मंतर पर जाएं। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की सजा को अपील लंबित रहने तक निलंबित कर दिया और दिल्ली में रहने समेत कई सख्त शर्तों के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट से मिली सशर्त जमानत पर पीड़िता की मां ने कहा, इनकी जमानत खारिज की जाए। हम सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हमें हाईकोर्ट पर भरोसा नहीं रहा। हमें सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा... मेरे पति के हत्यारों को फांसी की सजा होनी चाहिए।

## किराया न दे पाने पर मकान मालिक ने घर से निकाला

# पति का शव लेकर सड़क पर बैठी महिला

**उन्नाव ( चिंगारी )।** उन्नाव के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक मकान मालिक ने रिक्शा चालक विनोद कुमार के शव और उनकी पत्नी अनिता को घर से बाहर निकाल दिया। किराए के बकाया पैसे न दे पाने के कारण यह अमानवीय कार्रवाई की गई। विनोद की मृत्यु कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान हुई थी। संतानहीन और परिवार से कटे हुए इस दंपत्ति के पास अंतिम संस्कार तक के पैसे नहीं थे। सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडेय और सभासद रोहित ने मौके पर पहुंचकर अंतिम संस्कार करवाया। मोहल्ले के संजय सिंह ने मुखाग्नि देकर इंसानियत की मिसाल पेश की। हरदोई के रहने वाले 60 वर्षीय विनोद कुमार अपनी पत्नी अनीता के साथ शुक्लागंज के इंदिरा नगर में किराए पर रहते थे। विनोद रिक्शा चलाकर गुजारा करते थे, लेकिन एक हफ्ते पहले उनकी तबीयत खराब हो गई। आर्थिक तंगी के बावजूद अनीता ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, मगर उनकी जान चली गई। जब बेबस पत्नी पति का शव लेकर घर लौटी, तो मकान मालिक ने संवेदना दिखाने के बजाय बकाया किराए के लिए उन्हें सामान सहित सड़क पर खड़ा कर दिया। इस कठिन घड़ी में समाज का मानवीय चेहरा भी नजर आया। विनोद और अनीता की कोई संतान नहीं थी, ऐसे में मोहल्ले के ही संजय सिंह ने आगे बढ़कर शव के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी ली।



**तुरन्त आवश्यकता**

चौधरी यामाहा की वर्कशॉप में एक कुशल व अनुभवी मैकेनिक की। कम से कम एक साल के अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन, योग्यता व अनुभवानुसार। सम्पर्क करें-

सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, बिजनौर मो. 9927004784

**आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।**

अपना अस्पताल

**तत्सव हेल्थ केयर**

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर

तत्सव HEALTHCARE

निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

सम्पर्क सूत्र : 8279960281

**डॉ. शुभम अग्रवाल**

MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)

पूर्व चिकित्सक

शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

**नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ**

MBBS, MS (ENT)

मिलने का समय :

सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक

शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)

**न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट मनोरोग विशेषज्ञ**

MBBS, MD

मिलने का समय :

दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)

**सुविधाऐं :**

- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24X7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

# सीएचसी पर 13 साल बाद हुआ पहला सफल आप्रेशन

## डिलीवरी शुरू होने से गर्भवती महिलाओं को मिलेगा लाभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब ऑपरेशन से होने वाली डिलिवरी शुरू हो गई। डिलीवरी के दौरान अस्पताल में पहला ऑपरेशन सफल हुआ। उल्लेखनीय है कि पिछले 13 सालों से इस अस्पताल में ऑपरेशन के लिए सर्जन डॉक्टर का प्रबंध नहीं था। अब लगभग 13 साल बाद सीएचसी पर ऑपरेशन से होने वाली डिलीवरी शुरू होने से आसपास क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को काफी लाभ होगा। अब ऑपरेशन वाले मरीजों को झोलाछाप चिकित्सक या बिजनौर सरकारी अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी के साथ नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के सैकड़ो गांव के लोगों को अब बिजनौर जाने से छुटकारा मिल जाएगा। वही झोलाछाप अस्पतालों के चंगुल से भी राहत मिलेगी। अब शासन प्रशासन की मंशा के अनुरूप यहां पर सर्जन डॉक्टर की तैनाती की गई है, जिस कारण अब बड़े पैमाने पर लोगों को राहत मिलेगी। गुरुवार को पहले दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में ग्राम रामनगर निवासी महिला ज्योति पत्नी विवेक कुमार का डिलीवरी के दौरान सफल ऑपरेशन हुआ, महिला ने बच्चे को जन्म दिया। सीएचसी पर सर्जन डॉक्टर कृतिका ने अपने स्टाफ के साथ महिला का सफल ऑपरेशन किया। डॉक्टर की टीम में सीएचसी प्रभारी डॉक्टर प्रमोद देशवाल, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर दिलशाद अहमद, डॉ. जॉन, डॉक्टर माहेश्वरी, स्टाफ नर्स मुबारक अली व अन्य स्टाफ में हिना, सुषमा, दीपक, ज्योति, विकास आदि शामिल रहे। गुरुवार को समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहले दिन हुए ऑपरेशन डिलीवरी जच्चा बच्चा का हाल चाल जानने सीएमओ बिजनौर डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर स्टाफ को दिशा निर्देश दिये।

## अधिवक्ता के वालिद के इंतकाल पर शोक जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला सब्नीग्रान निवासी अधिवक्ता बिलाल एडवोकेट के वालिद मौ. यूनुस (60वर्ष) का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर नगर के लोगों ने शोक जताते हुए उनकी मगफिरत के लिए दुआ की। शोक जताने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सिराजुद्दीन खां, अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, नईमुल अख्तर आदि शामिल रहे।

# क्रिसमस पर चर्च में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा





नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला संतोमालन स्थित मैथोडिस्ट चर्च में क्रिसमस के मौके पर प्रार्थना सभा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। गुरूवार को क्रिसमस के मौके पर मैथोडिस्ट चर्च को रंग-बिरंगी झालरों व बल्बों से सजाया गया। सुबह से चर्च में बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों में सज धज कर घूमते नजर आए। चर्च में सुबह को पादरी हिमांशु मनी ने प्रार्थना कराई। इसके बाद उन्होंने प्रभु यीशु के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर राकेश प्रसाद, रैमी प्रसाद, रोहन, तानिया, रजनीश विक्की, मीनू सिंह, अवधेश शुक्ला, सुप्रीत, नेहा, मधु सूदन सिंह, पूनम सिंह, रवि, रोहित, अंकित, रितिका सिंह, रॉकी प्रसाद, माया प्रसाद, अनम, यूवी, मनोज बल्लभ, मीनाक्षी बल्लभ, बीना सिंह, अवधेश कुमार, राजबाला, किरन सिंह, श्वेता सिंह, समीता, अर्चना सिंह, अनामिका, रितिक, नेहा, लक्की, तनु, आयुष, अंकन, रोहित, रीनू, अरू, आरव, ऐरन, सुरेखा आदि शामिल रहे।

# भाकियू (अराजनीतिक) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने नांगल के खादर क्षेत्र में वन भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर वन विभाग के कुछ अधिकारियों पर भूमाफियाओं को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह के नेतृत्व में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की। चौधरी कुलबीर सिंह ने कहा कि नांगल खादर क्षेत्र में लंबे समय से वन भूमि पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं। विभागीय मिलीभगत के कारण भूमि माफिया बेखौफ होकर सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों व ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष सुखजिंदर सिंह गोल्ड, राजवीर काकरान, प्रशांत चौधरी, उज्जवल सिंह सहित अनेक किसान व संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एमए पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रदर्शनी में सुंदर मॉडलों से मन मोहा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के अजमल खां मार्ग स्थित एमए पब्लिक स्कूल में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने सभी विषयों पर सुन्दर मॉडल तैयार किये। बच्चों ने भारत के राष्ट्रीय प्रतीक, चंद्रयान-3, दिन और रात का चक्र, प्राचीन जीवन, सूक्ष्मदर्शी व उसके उपयोग, जल चक्र, दांत, सौर मंडल, कम्प्यूटर के भाग, प्रदूषण के प्रकार, जल बचाओ व जीवन बचाओ, वन जीवन, स्वच्छ जल, हदय की संरचना, फेफड़े, पवन, टरबाइन, पौधों के भाग, इंद्रियों के अंग आदि मॉडल बनाये। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि समाजसेवी काजी आसिफ अली मुत्तकी ने बच्चों के सभी मॉडलों की सराहना करते हुए उन्हें चयनित कर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. इबादुर्रहमान कासमी, डॉ. सुहेल सिद्दीकी, मैनेजर मौ. अजमल सिद्दीकी, शिक्षिका इल्मा आफताब, आरिफा अंजुम, मरयम, अर्शी अंसारी, फरहीन, आफताब, सामिया, शहादत, रोजी अंसारी, अनम, शाजिया एजाज आदि उपस्थित रही। प्रदर्शनी में समरा प्रथम, सुहैल द्वितीय, असद तृतीय, अदीबा चतुर्थ तथा सुनैना पांचवें स्थान पर रही।

## INFORMATION

In my passport M6831755, my date of birth is 1-1-1978 and my name is Nisar Ahmed (NISAR) S/O SHABBIR AHMAD resident of village Jaswantpur (JASWATPUR) Tehsil Najibabad District Bijnor Uttar Pradesh is wrong, whereas according to my Aadhaar my correct date of birth is 1-1-1969 and my name is Nisar Ahmed (NISAR AHAMD) S/O Shabbir (SHABBIR). In future my date of birth, name and father's name should be written and read as per my Aadhaar card.

## सूचना

मेरे पासपोर्ट M6831755 में मेरी जन्मतिथि 1-1-1978 व नाम निसार अहमद (NISAR) S/O SHABBIR AHMAD निवासी ग्राम जसवंतपुर (JASWATPUR) तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश गलत है, जबकि मेरे आधार के अनुसार मेरी सही जन्मतिथि 1-1-1969 तथा नाम निसार अहमद (NISAR AHAMD) S/O शब्बीर (SHABBIR) है। भविष्य में मेरी जन्मतिथि, नाम व पिता का नाम मेरे आधार कार्ड के अनुसार ही लिखा व पढ़ा जाये।

# अषेक्ष कुमार दीक्षित अध्यक्ष, पवन कुमार भारद्वाज महासचिव बने



**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के मौहल्ला शेखान में पंडित शरद चंद्र शर्मा के आवास पर श्री ब्राह्मण सभा शेरकोट का पंचवर्षीय चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अषेश कुमार दीक्षित को सभा का अध्यक्ष एवं पवन कुमार भारद्वाज को महासचिव चुना गया।

बृहस्पतिवार की दोपहर 6 जनवरी 2026 से 5 जनवरी 2031 तक के लिए कार्यकारिणी गठन हेतु बनाए गए चुनाव अधिकारी शरद चंद्र शर्मा की देखरेख और सोमेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता व अषेश कुमार दीक्षित के संचालन में चुनाव की प्रकिया आयोजित की गई। जिसमें सोमेश चंद शर्मा, रविंद्र प्रताप शर्मा ,सुरेंद्र शर्मा ,धर्मेंद्र कुमार शर्मा, देवेंद्र कुमार शर्मा को संरक्षक,अषेश कुमार दीक्षित को अध्यक्ष, पवन कुमार भारद्वाज को महासचिव,मनोज कुमार कौशिक संजीव शर्मा को उपाध्यक्ष, रवि शंकर शर्मा ,सुबोध शर्मा राजीव ,शर्मा ,राजेंद्र शर्मा को उपसचिव , वेद प्रकाश शर्मा को कोषाध्यक्ष, विपिन भारद्वाज , विपिन भारद्वाज को प्रचार मंत्री, कृष्ण कुमार कौशिक, कार्तिक भारद्वाज को संगठन मंत्री, नरेंद्र गौड़ को निरीक्षक और सुरेश दीक्षित ,विपुल मिश्रा, विनय दीक्षित ,जितेंद्र शर्मा, गौरव भारद्वाज ,प्रमोद भारद्वाज को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अषेश कुमार दीक्षित ने कहा कि वे श्री ब्राह्मण सभा को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। चुनाव से पूर्व पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया और नमन करते हुए चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।


गीजर ही गीजर





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

 ( पेज 6 )


# छत पर बैठने गये व्यक्ति की नीचे गिरकर मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** छत पर बैठने गया एक व्यक्ति अचानक नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव नीमला मुस्तफाबाद निवासी इंद्रपाल पुत्र तेजपाल सिंह (52 वर्ष) दोपहर के समय छत पर गया था। बताया जाता है कि अचानक वह छत से नीचे गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन-फानन में चिकित्सक को दिखाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि इन्द्रपाल नेत्रहीन था, वह धूप निकलने पर छत पर गया था। यह भी बताया जाता है कि मृतक अविवाहित था, वह अपने भाई के पास रहता था। उक्त व्यक्ति की मौत होने पर परिवार में कोहराम मच गया व गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## मकान की दूसरी मंजिल से गिरकर मासूम हुआ घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** गांव सदरूद्दीननगर में 1 वर्षीय मासूम बच्चा इशान पुत्र नदीम मकान की दूसरी मंजिल से नीचे गिरकर घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। नदीम गांव में ही किराए के मकान में रहता है। बताया जाता है कि गिरिल न होने के कारण बच्चा नीचे गिर गया। मासूम ईशान नीचे गिरता हुआ सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया, जिसकी सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही। बच्चे की हालत ठीक बताई जा रही है।

# इश्क़ की भेंट चढ़ा था किरतपुर का समीर

**बिजनौर/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्वाट, सर्विलांस और थाना नजीबाबाद की संयुक्त पुलिस टीम ने समीर हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार और मृतक का टूटा हुआ मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी सिटी डा. केसी सिंह 21 दिसंबर 2025 को जलालाबाद क्षेत्र में हाईवे किनारे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान समीर (25 वर्ष) पुत्र दिलशाद अहमद, निवासी मोहल्ला अहमद खेल, कस्बा व थाना किरतपुर के रूप में हुई थी। घटनास्थल पर संदिग्ध हालात व पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घुटने से मौत की पुष्टि होने पर मृतक के पिता की तहरीर पर 23 दिसंबर को थाना नजीबाबाद में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि समीर का अभियुक्त राहत की बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसे लेकर पहले भी विवाद हो चुका था, इसी रंजिश में हत्या की साजिश रची गई।

### 20 लाख में तय हुआ था समीर का क़त्ल

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि करीब 7-8 माह पहले दिल्ली के जैनुल नामक व्यक्ति से संपर्क कर समीर की हत्या की योजना बनाई गई थी। इसके लिए 20 लाख रुपये देने का सौदा तय हुआ, जिसमें कुछ रकम पहले ही दे दी गई थी। जैनुल ने फर्जी महिला आईडी बनाकर समीर को झांसे में लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर 20 दिसंबर की रात नजीबाबाद बुलाकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में शव और बाइक को हाईवे किनारे फेंक दिया गया। पुलिस ने रफीक, राहत, रफत और अरशद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य वांछित आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन

अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं

अन्य सेवाएं-
➤100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero
VIDA
VIDA EVOOTER | VX2
PROUD WINNER OF
ELECTRIC 2-WHEELER OF THE YEAR ★ 2025
10,000 रुपये तक का फायदा

आवश्यकता है दो कुशल फील्ड एग्जीक्यूटिव की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

**भली लगे**
**या बुरी...**

## मानवाधिकार और समाज

मानवाधिकारों के प्रति भारत की निष्ठा संविधान के विविध प्रावधानों में यूं तो स्पष्ट देखी जा सकती है, लेकिन यथार्थ के धरातल पर उन्हें निश्चित करना आसान नहीं है। आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति आधारित भेद तो व्याप्त हैं ही, इसके अलावा शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता से ग्रस्त लोग, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवाद के शिकार हुए लोग अपना अस्तित्व ढूंढ रहे हैं। भारत के अनेक मनोचिकित्सालय लंबे समय से अंधकारपूर्ण बंदीग्रह बने हुए हैं। मानवाधिकारों की सुरक्षा करने और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने, मानसिक रूप से विकलांग लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा और उनका पुनर्वास संभवत: सबसे चिंतनीय प्रसंगों में से एक है। कुछ वर्षों के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट सहित कई अन्य स्वतंत्र रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है कि भारत में विभिन्न मनोचिकित्सालयों में मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के साथ कई स्तरों पर अमानवीय व्यवहार हो रहा है। वैश्विक रिपोर्ट 'इक्वेलिटी एट वर्क टैकलिंग द चैलेंज' में इस बात का खुलासा है कि यद्यपि भारत में अन्य एशियाई देशों की तुलना में कार्यस्थलों पर भेदभाव कम होता है, लेकिन जातियों के आधार पर भेदभाव की समस्या अब भी गंभीर है। संयुक्त राष्ट्र के अध्ययन के मुताबिक देश के 11 राज्यों के 565 गांवों में कराये गए सर्वे से यह बात सामने आई है कि हर तीन दिन में औसतन एक दलित महिला के साथ दुष्कर्म होता है। हर हफ्ते पांच दलितों के घर जलाए जाते हैं और 13 दलितों की हत्या होती है। करीब 38 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में दलित बच्चों को दोपहर का भोजन अक्सर अलग बैठाकर कराया जाता है। लगभग 50 प्रतिशत गांवों में दलितों को सार्वजनिक जनस्रोतों से पानी नहीं भरने दिया जाता है। शांति और विकास के लिए न्याय और कानून को शर्त बताते हुए भारत ने पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को मानवाधिकारों का संरक्षण करने और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव करने वाली नीतियां समाप्त करने के लिए जरूरी कदम उठाकर अपनी प्रतिबद्धता जताने को कहा था, पर विडंबना यह है कि भारत में ही महिलाओं को मानवीय दर्जा देने से गुरेज होता रहा है। विशेषकर कमजोर तबके, तबकों के साथ तो यह आम बात है। बीते दिनों महाराष्ट्र के कराड में तथाकथित ऊंची जाति के लोगों ने एक दलित महिला को बाल पकड़कर घसीटा, निर्वस्त्र करके डंडों और चप्पलों से पिटाई की और उसी हालत में गांव में घुमाया। इसकी वजह महज इतनी थी कि पीड़ित महिला के बेटे को एक ऊंची कही जाने वाली जाति की लड़की से प्रेम हो गया था। यह पहला वाकया नहीं है। दलित उत्पीड़न की ज्यादातर घटनाएं सामने नहीं आ पातीं हैं और जो आती भी हैं, उनमें अमूमन न्याय नहीं मिलता।

# बांग्लादेश : चिंताजनक हैं हिंसक वारदातें!

**जुलाई 2024 में बांग्लादेश में छात्रों की अगवाई वाले आंदोलन के रहनुमा शरीफ उस्मान हादी की 18 दिसंबर को सिंगापुर के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने 12 दिसंबर को ढाका के बिजॉय नगर इलाके में मोटर साइकिल सवार दो नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वह इसी निर्वाचन क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने वाले थे। हादी की मौत की खबर फैलते ही उनके समर्थक और कट्टरपंथी कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर आगजनी, तोड़फोड़ और लक्षित हमले शुरू कर दिये।**



एम.ए. कंवल जाफ़री
मो. 91 9917767622, 9675767622

बांग्लादेश में इंक़िलाब मंच आंदोलन के 32 वर्षीय अग्रणी नेता शरीफ़ उस्मान हादी की हत्या के बाद उग्र प्रदर्शन, हिंसा और आगजनी की वारदातों में कई अख़बारों के कार्यालय निशाना बनाए गए, तो मैमनसिंह जिले के भालुका में फैक्ट्री से लौट रहे 25 वर्षीय दीपूचंद्र दास को तौहीन.ए.मजहब के आरोप में पीटकर मारने और फिर पेड़ से लटकाकर जलाने के शर्मनाक कृत्यों को अंजाम दिया। फ़सादियों ने रात के एक बजे लक्ष्मीपुर के सदर इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेता बिलाल हुसैन के घर को पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस बेहद शर्मनाक और अमानवीय हरकत में बिलाल की सात वर्षीय बेटी आयशा अख्तर जलकर मर गई, जबकि बिलाल, उसकी सोलह साल की बेटी सलमा अख्तर और चौदह साल की बेटी सामिया अख्तर झुलस गए। पत्रकारों को निशाना बनाने और कार्यालयों पर हमला करने के चलते 21 दिसंबर 2025 को 27 वर्ष में पहली बार दैनिक प्राथोम आलो प्रकाशित नहीं हुआ। इससे पूर्व गुस्साई भीड़ ने द डेली स्टामर प्रोथोम आला और न्यूऐज के कार्यालयों में तोड़फोड़ की। फर्नीचर, दस्ता वेज और उपकरण सड़कों पर फेंककर आग लगा दी। मीडिया के 25 लोग चार घंटे तक छत पर फंसे रहे। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाते हुए उन्हें बचाया। कट्टरपंथियों का आरोप है कि ये अख़बार शेख़ हसीना हुकूमत का पक्ष करते हैं। उन्होंने भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन कर भारत विरोधी नारे लगाए। ऐसे ही नारे हादी के जनाज़े की नमाज़ के दौरान, जिसमें अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस और आर्मी चीफ जनरल वकार.उज.जमा शामिल हुए थे, लगाए गए। शैक्षिक संस्था न सियासत की जद में आए और देश में अस्थिरता की स्थिति पैदा हो गई। भीड़ को नियंत्रण करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के जवानों को तैनात किया गया।



जुलाई 2024 में बांग्लादेश में छात्रों की अगवाई वाले आंदोलन के रहनुमा शरीफ उस्मान हादी की 18 दिसंबर को सिंगापुर के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने 12 दिसंबर को ढाका के बिजॉय नगर इलाके में मोटर साइकिल सवार दो नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, वह इसी निर्वाचन क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने वाले थे। हादी की मौत की खबर फैलते ही उनके समर्थक और कट्टरपंथी कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर आगजनी, तोड़फोड़ और लक्षित हमले शुरू कर दिये। ढाका, राजशाही, चटगांव आदि शहरों में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। गुस्साई भीड़ और प्रदर्शनकारी खुलना और चटगांव में भारतीय उच्चायोग की ओर बढ़े, जाकिर हुसैन रोड पर पुलिस बैरिकेड्स तोड़ दिये और धरना देते हुए नारेबाजी की। पुलिस ने भीड़ हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। लाठीचार्ज किया और गिरफ़्तारियां कीं। अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस के शरीफ उस्मान हादी की मौत की पुष्टि के बाद हालात बेकाबू हुए। दर्शनकारियों के गुस्से का अंदाजा इसी से लग जाता है कि उन्होंने राजशाही में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर्रहमान के पहले से तबाह पुश्तैनी और ऐतिहासिक घर को बुलडोजर से गिरा दिया। भीड़ ने अवामी लीग के शिक्षामंत्री मोहिबुल हसन चौधरी नोफेल और सांसद हबीब हसन के भाई के घर समेत कई नेताओं के घरों पर हमला कर उन्हें फूंक दिया। दंगाइयों ने धानमंडी स्थित बांग्लादेश के प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक संगठनों में से एक छायानट को आग लगा दी,

जिससे किताबें, संगीत उपकरण और अन्यक सांस्कृतिक व दुर्लभ चीजें नष्ट हो गईं। मोहम्मद यूनुस के ऐलान के बाद 20 दिसंबर 2025 को एक दिनी शोक के साथ सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय झंडा झुका रहा। दूसरी ओर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि शरीफ़ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसा और अशांति की नई लहर इस बात का सबूत है कि देश में स्थिरता अभी बहुत दूर है। हादी की हत्या के बाद वहां अफ़रा-तफ़री, तोड़फोड़, आगजनी, संपत्ति को नुकसान, भारत विरोधी नारे, प्रदर्शन, अशांति और अस्थिरता का माहौल है। हालांकि, यह बात भी छिपी नहीं है कि 2024 में शेख हसीना सरकार का तख़्तापलट के बाद से राजनीतिक हिंसा में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। अल्पसंख्यकों को भी निशाना बनाया जा रहा है। ऐसा लगता है कि 12 फरवरी 2026 को आम चुनावों की घोषणा करने वाले मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथियों और अराजकता फैलाने वालों के सामने बेबस हो गए हैं। यह स्थिति बांग्लादेश के लिए अच्छी नहीं कही जा सकती। देश में जानबूझकर अशांति फैलाई जा रही है और साजिश के तहत भारत विरोधी भावनाओं को भड़काया जा रहा है, ताकि चुनावों को असुरक्षित बताकर टाला जा सके। इससे कट्टरपंथी मजबूत होंगे और अंतरिम सरकार को सत्ता में बने रहने का बहाना मिल जाएगा। राजनीतिक व आर्थिक अस्थिरता और मनोवैज्ञानिक व सामाजिक चिंता की स्थिति नागरिकों को हिंसा और तबाही की ओर ले जा रही है। शेख हसीना वाजिद ने छात्र आंदोलन को कुचलने के लिए एक तानाशाह की तरह ताकत का बेजा इस्तेमाल किया, जिसका नतीजा यह निकला कि छात्र उनके खिलाफ पंक्तिबद्ध होते गए। आंदोलन और प्रदर्शनों के चलते उन्हें न सिर्फ अपनी सत्ता गंवानी पड़ी, बल्कि भारत में शरण लेने पर मजबूर होना पड़ा। छात्र आंदोलन और उसके नेतृत्व ने अंतरिम तौर पर हुकूमत की बागडोर अर्थशास्त्री मोहम्मंद यूनुस को सौंप दी। यूनुस सरकार हिंसा और नफ़रत के खिलाफ होने का दावा करती है, लेकिन शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद भी हो रहे प्रदर्शन, रैलियां, हिंसा और हत्याओं का सिलसिला इस दावे को नकारता है। हादी की हत्या के बाद इसमें पुन: तेजी आई। शेख हसीना के खिलाफ अवामी इंकिलाब ने हादी को लोकप्रिय बना दिया था। उन्हें कट्टरपंथी और भारत विरोधी करार दिया गया। शेख हसीना वाजिद को भारत में पनाह मिलने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी भावना और रुझान खतरनाक हद तक बढ़ा है। शेख हसीना की वापसी की मांग भी गई। हादी के हमलावरों पर सरहद पार कर भारत में घुसने का भी आरोप है। भारतीय उच्चायोग पर हमले की कोशिश को भी इसी नज़रिए से देखा जा रहा है। बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले हिंसात्मक वारदातें अंतरिम सरकार के लिए चिंता की बात है।

# नगीना में धूमधाम से निकली महाराजा शूरसेन की शोभायात्रा

## शेख़ शाहनवाज खलील ने किया शोभायात्रा का भव्य स्वागत

## आकर्षण का केन्द्र रही गुब्बारों से सजी महाराजा शूरसेन जी की पालकी



नगीना में महाराजा शूरसेन जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा में शामिल सैनी व विभिन्न समाज के गणमान्य लोग।



शोभायात्रा में मिष्ठान वितरित कर स्वागत करते चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील।

**नगीना ( चिंगारी )।** महाराजा शूरसेन के जन्मोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ संगठन के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सैनी ने पालकी के भीतर जल कलश स्थापित कर किया। शोभायात्रा में सबसे आगे महाराजा शूरसेन की जय-जयकार करते समाज के गणमान्य व्यक्ति व युवा डीजे की थाप पर नाचते-गाते चल रहे थे।

बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 12 बजे महाराजा शूरसेन के जन्मोत्सव पर भव्य जल कलश शोभायात्रा नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित देवता मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में एक अखाड़ा, भगवान राधा कृष्ण, शिव पार्वती की मनमोहक झांकी, डीजे आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा में सबसे आगे महाराजा शूरसेन सैनी संगठन के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सैनी, भाजपा नेता यशपाल सैनी, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, मुकेश सैनी एड, नंदकिशोर सैनी, मास्टर वीर सिंह सैनी, जितेंद्र सैनी, शिवचरन, सुनील आढ़ती, संतराम सैनी, पंडित सचिन शर्मा, सौरभ मित्तल समेत समाज के गणमान्य लोग गले में पटका डाले महाराजा शूरसेन की जय-जयकार करते व युवा डीजे की मधुर धुन पर नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा में शामिल गुब्बारों से सुसज्जित वाहन में महाराजा शूरसेन की झांकी के साथ देवता मंदिर के पुजारी जल कलश के साथ बैठे थे। चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने नगर पालिका गेट पर शोभायात्रा का गर्मजोशी के साथ मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया। दिव्य सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजय शर्मा, संजीव अग्रवाल विक्की व भाजपा नेता लवी मित्तल ने अपने संस्थान के बाहर पुष्प वर्षा से शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड से होते हुए नहटौर रोड स्थित महाराजा शूरसेन सैनी चौक पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां पर स्थापित प्रतिमा पर समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सीओ डॉ.अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना अध्यक्ष अवनीत मान पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। उधर सैनी समाज के लोगों ने सभी समाज के गणमान्य लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।

# चांदपुर में वीर जोरावर सिंह बाल पंथ संचलन का आयोजन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चांदपुर नगर द्वारा वीर जोरावर सिंह बालपंथ संचलन का आयोजन किया गया, जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

दीप्ति मान जी (जिला प्रचारक-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), कृष्ण कुमार (नगर संघ चालक-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) दोनों ने गुरुजी डॉ. बलिराम हेडगेवार जी, भारत माता, श्री गुरु जी माधवराव सदा शिवराव गोलवल्लकर जी व गुरु गोविंद सिंह के समक्ष पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला प्रचारक ने श्री गुरु गोविंद सिंह के द्वारा किये गये त्याग बलिदान के विषय में सभी को अवगत कराया तथा बताया कि किस प्रकार उनके चारों पुत्रों को मार दिया गया और फिर भी उन्होंने समाज को एकत्रित रखने के लिए हर खुशी को बलिदान कर दिया, वह चाहते तो धर्म परिवर्तन करके हंसी-खुशी अपने जीवन पर प्रतीत कर सकते थे, परंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया और सिख धर्म तथा सनातन धर्म को बचाने के लिए उन्होंने त्याग और बलिदान का रास्ता चुना। जिला प्रचारक जी ने सभी को उनके द्वारा किये गये त्याग बलिदान से शिक्षा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में नगर प्रचारक विकास, सुनील शर्मा (नगर कार्यवाह), पुष्कर सिंह (नगर बौद्धिक प्रमुख), दिनेश त्यागी (नगर सेवा प्रमुख), हरीश जी (सहनगर कार्यवाह), निर्मल सिंह (परिवार व सामाजिक सदभाव के संयोजक), पुष्पेंद्र सिंह (जिला संयोजक कुटुंब प्रबोधन) आदि कार्यक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय से नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चांदपुर नगर के द्वारा वीर जोरावर सिंह पथ संचालन का भी आयोजन किया गया, जिसमें नगर के प्रबुद्ध लोगों ने सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# महिला के गले से चेन झपटने का आरोपी पकड़ा गया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस ने महिला के गले से चेन झटपने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक नवंबर को नई बस्ती, बिजनौर निवासी एक महिला ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर बताया था कि दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली है। जांच के दौरान 17 नवंबर को कोतवाली शहर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान संजय उर्फ शिवा पुत्र मंगत सैनी, निवासी ग्राम झिटकरी, थाना सरधना, जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से छीनी गई पीली धातु की चेन और एक अवैध तमंचा 315 बोर भी बरामद हुआ था। पूछताछ में संजय उर्फ शिवा ने अपने दो अन्य साथियों के नाम उजागर किए थे, जिनमें सुशील उर्फ मानव पुत्र हरि सिंह, निवासी भूपेन्द्र नगर, थाना मोदीनगर, गाजियाबाद और शीशपाल शामिल थे, तभी से पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। गुरूवार को कोतवाली शहर पुलिस टीम ने शीशपाल को गिरफ्तार कर लिया।

# हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश का पुतला फूंका

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार व उनकी हत्या किए जाने पर चिंता एवं रोष जताते हुए बंगलादेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की तथा बंगलादेश सरकार का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया। क्षेत्रीय कार्यालय बागड़पुर में प्रियांशु चौधरी की अध्यक्षता व जिला उपप्रमुख मुकेश लांबा के संचालन में हुई बैठक में शिवसेना के जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार व उत्पीड़न व उनकी महिलाओं और लड़कियों के साथ बलात्कार की घटनाओं पर रोष जताया। उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि वहां की सरकार आंख बंद करके देख रही है, जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। बाद



में शिवसैनिक बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुये चांदपुर-गजरौला रोड पर पहुंचे और वहां पर बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया। पुतला फूंकने वालों में शिवसेना के जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, शोभित गुर्जर, संजीव कुमार, सुरेंद्र, राहुल, खिलेंद्र, पुलकित, आदि शिवसैनिक शामिल थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने सड़क किनारे किया गया अतिक्रमण हटवाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यातायात पुलिस ने नगीना रोड पर अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटवाया गया।

गुरूवार को यातायात पुलिस प्रभारी रवि नैन के नेतृत्व में नगीना रोड पर दुकानों के बाहर रखे गए सामान, सड़क तक बढ़ी हुई रेहड़ी-ठेलियों और अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए पुलिस ने मौके पर मौजूद दुकानदारों और ठेली संचालकों को सख्त निर्देश दिये कि भविष्य में सड़क किनारे किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न करें। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या के विरोध में हिन्दू संगठनों ने किया प्रदर्शन

## इस्लामी आतंकवाद का पुतला फूंका ✦ नगीना चौराहे पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में जिहादी इस्लामी आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं की निर्ममता पूर्वक हत्या किये जाने के विरोध में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर की सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। बड़ी मंडी स्थित अशोक स्तंभ से विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में निकाले गये विरोध मार्च में कार्यकर्ता हाथों में नारे लिखी तख्तियां और इस्लामी आतंकवाद का पुतला लेकर चल रहे थे। यह मार्च नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ नगीना चौराहे पर पहुंचा, जहां कार्यकर्ता मानव श्रृंखला बनाकर सड़क पर बैठ गये और उन्होंने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ कर दिया। इस दौरान चौराहे पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। लगभग एक घंटे तक चौराहे पर सामूहिक प्रदर्शन करने के बाद पुतले को आग के हवाले कर दिया गया।



इस्लामी आतंकवाद का पुतला लेकर प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अनिल के गोयल, जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा ,हिंदू युवा वाहिनी के नि वर्तमान मंडल प्रभारी डॉक्टर एनपी सिंह, जिला उपाध्यक्ष सौरव मालपानी, बजरंग दल के जिला प्रमुख जितेंद्र कुमार, विजय वर्मा, जितेंद्र वर्मा, मनोज चौहान, अजय कुमार पिंटू, अमित शर्मा, आर्यन दीक्षित, अंकित कुमार, शलभ, अनमोल अंकित, शिवम राजन डालचंद शिवम वर्मा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं के आक्रोश को देखते हुए नगीना चौराहे पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# क्षत्रिय राजपूत सभा ने समारोह का करके आयोजन संगठन के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन


क्षत्रिय राजपूत सभा के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन समारोह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के वार्षिक कैलेंडर विमोचन समारोह का आयोजन बृहस्पतिवार को क्षत्रिय नगर स्थित क्षत्रिय भवन में किया गया। मंचासीन अतिथियों ने महाराणा अमर सिंह के चित्र वाले कैलेंडर का विमोचन किया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य औषधीय पादप देहरादून के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नृपेंद्र चौहान ने क्षत्रिय समाज के लोगों को खेती से जुड़ने और बदलते दौर में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर खेती करने को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एचके सिंह व मधी क्षेत्र क्षत्रिय राजपूत सभा गाजियाबाद के अध्यक्ष रामौतार सिंह ने समाज के लोगों को संगठित रहकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। नगराध्यक्ष यशवीर सिंह गीतम ने बताया कि संगठन पिछले 14 वर्षो से क्षत्रिय समाज के महापुरुषों के चित्र वाले वार्षिक कैलेंडर का विमोचन करता आ रहा है। समारोह में क्षत्रिय समाज के बाल कलाकार अथर्व गहलौत और अरनब चौहान ने महाराणा प्रताप और चेतक के शौर्यपूर्ण गीतों की प्रस्तुति से सभी का मन मोहन लिया। संचालन रविंद्र राजपूत पप्पू ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह सिसौदिया, डॉ. अभय कुमार सिंह, नरेश वत्स, डॉ. एनपी सिंह, हरिराज सिंह, लक्ष्मी देवी, सुनीता चौहान, पूनम चौहान, सुमित राजपूत, अजय कुमार, राकेश चौहान, निर्दोश कुमार, देवेंद्र सिंह, आनंद कुमार वत्स, अरविंद कुमार, सदींप गहलौत, सुधीर कुमार, अशोक कुमार, लोकेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, बबीता, विवेक राजपूत, अभय प्रताप सिंह, भूषण सिंह राणा, दुष्यंत राणा, विजय चौधरी, डॉ. कमलेश कुमार, सुरेंद्रपाल सिंह, चमन सिंह, राजपाल सिंह, भूपाल सिंह, सुशील कुमार, सतीश चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय बुधं उपस्थित रहे।



प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए अतिथि।

# धामपुर पब्लिक स्कूल में बेबी टैलेंट शो आयोजित, विजेता एवं प्रतिभागी बच्चे किये सम्मानित



विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए विद्यालय का स्टाफ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर पब्लिक स्कूल, धामपुर में बेबी टैलेंट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता, मुख्य अतिथि तहसीलदार धनराज सिंह व उनकी धर्मपत्नी वॉवी जी, हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ऐश्वर्या चौधरी द्वारा फीता काटने के पश्चात भगवान गणेश जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्पित करके विधिवत रूप से किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने सभी अतिथियों को बैज लगाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्रेणीवार फैंसी ड्रेस, नृत्य प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता तथा वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विशेष रूप से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रगति शरण, नृत्य प्रतियोगिता में ज्योति टंडन, गायन प्रतियोगिता में मीनू सिसोदिया तथा वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता में विनीता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने कहा कि हर बच्चा अपने आप में विशेष है। ऐसे मंच बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उनके आत्मविश्वास को मजबूत करने का कार्य करते हैं। शिक्षकों दीपक कुमार, पंकज कुमार, मोहित कुमार, पुलकित अग्रवाल तथा शिक्षिकाओं दिव्या, ज़ैनब, वंदना, खनक, यशिका, अंशु पाल, हिमानी, विधि, अलका, अमित, नसरीन, लक्षिका, प्रिया, अंजू, आंचल, अनीता, प्रतिभा, प्रियंका, रीना, सुरभि, हिमानी, लक्ष्मी, रविता, इशा, कंचन आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# वीर बाल दिवस पर आरएसएस ने निकाला पथ संचलन


वीर बाल दिवस पर निकाला गया पथ संचालन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कल गुरुवार को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय से पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी गणवेश पहने हुए हाथ में भुज दंड लेकर कदम ताल मिलाते हुए जब नगर की सड़कों से गुजरे तो कोहरे और शीतलहर के बीच इन विद्यार्थियों का उत्साह देखकर नगर वासी अचंभित रह गए। पथ संचलन में शामिल बाल स्वयंसेवकों का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। पथ संचलन में शामिल घोष वाहिनी के स्वयंसेवकों की कला लोगों को आकर्षित कर रही थी। पथ संचलन नेताजी सुभाष मार्ग, मुख्य डाकघर, खारी कुआं, भगत सिंह चौक, फल चौक, मेन मार्केट, बड़ी मंडी, पंजाबी मार्केट, रेलवे स्टेशन रोड होता हुआ एसबीडी महिला महाविद्यालय पहुंचकर संपन्न हुआ । इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए, विभाग प्रचारक क्रांति कुमार ने कहा की बच्चों में देशभक्ति के संस्कार पैदा करने के लिए उनको महापुरुषों की जीवनी से अवगत कराने की आवश्यकता है। जिला संघ चालक अनिल ग्रोवर ने वीर बाल दिवस की मेहता पर प्रकाश डाला।

पथ संचलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक विकास जैन सह नगर संचालक लोकेश शर्मा, नगर कार्यवाह आजाद वीर सिंह एडवोकेट, नगर शारीरिक प्रमुख नवनीत सिसोदिया, जिला प्रचार प्रमुख प्रखर अग्रवाल, नगर बौद्धिक प्रमुख जितेंद्र कुमार, सेवा प्रमुख सचिन कुमार, हर्ष शर्मा, पीयूष अग्रवाल अंकित अग्रवाल हर्ष ग्रोवर आदि स्वयंसेवक पथ संचलन की व्यवस्था में शामिल रहे।

# बिजनौर में मेडिकल स्टोर पर सीबीएन ने की छापामारी

## डेढ़ करोड़ की नशीली दवाएं बरामद

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) की टीम ने पुख्ता इनपुट के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सिविल लाइंस बिजनौर में एक होलसेल मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की हैं। बरामद की गई नारकोटिक्स दवाओं की संख्या करीब सवा छह लाख बताई जा रही है, जिनकी अंतरराष्ट्रीय नशे के बाजार में अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये आंकी गई है।

सीबीएन बरेली के एसपी मनोज कुमार नरवाल के नेतृत्व में टीम ने बुधवार शाम शिप्रा होटल परिसर में स्थित 'मेडिसिन प्वाइंट' नामक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। यह स्टोर सुधाकर रस्तोगी द्वारा संचालित बताया जा रहा है। छापेमारी के



दौरान मेडिकल स्टोर संचालक मौके पर मौजूद नहीं मिला, जिसके बाद टीम ने विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए वीडियोग्राफी के बीच ताला तुड़वाकर जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्रवाई के दौरान मीडिया को किसी भी प्रकार की जानकारी देने से टीम ने इनकार कर दिया। सीबीएन की यह कार्रवाई करीब 24 घंटे तक चली और गुरुवार को भी दिनभर जांच जारी रही। दोपहर बाद बरामद की गई दवाओं को अलग-अलग कार्टन में भरकर एक टाटा मैजिक वाहन में लादा गया।

इसके बाद टीम ने पहले न्यायालय में आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और फिर जब्त दवाओं को थाना कोतवाली शहर में सुरक्षित रखवा दिया। एसपी मनोज कुमार नरवाल ने बताया कि बरामद दवाओं में ट्रेमाडोल, अल्प्राजोलाम, पेंटाजोसिन और कोडीन जैसी नारकोटिक्स श्रेणी की टेबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन शामिल हैं, जिन्हें नशे के लिए बाजार में खपाने की तैयारी की जा रही थी।

मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिये गये हैं। फिलहाल जब्त की गई दवाएं थाना कोतवाली शहर में रखी गई हैं।

# किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये गन्ना महाप्रबंधक को दिया ज्ञापन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने किसानों की विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित 6 सूत्रीय मांग-पत्र गन्ना महाप्रबंधक पीवीएस फूड लि. चांदपुर को दिया। राकिमस् के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शुगर मिल पहुंचे तथा मिल के गन्ना महाप्रबंधक को 6 सूत्रीय मांग-पत्र दिया। मांग-पत्र में गन्ने का भुगतान कम से कम 10 दिन में भेजे जाने, रज्य सरकार के नियम अनुसार 14 दिन के भीतर गन्ने का भुगतान किये जाने, किसानों को मैली आवश्यकतानुसार व उचित मूल्य पर दिलाये जाने, मिल परिसर में किसानों के लिये आरओ पेयजल की व्यवस्था कराये जाने व मिल में गन्ना लेकर आने वाले किसानों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिये अलाव की व्यवस्था किए जाने तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से आने वाले किसानों को जड़ व पत्ती को लेकर परेशान न किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अभय प्रताप सिंह, देवेन्द्र सिंह, गुड्डू, मुस्तकीम, ब्रजपाल सिंह, समरपाल सिंह, शमशाद अहमद, सूरज कश्यप, मौ. उमर, शिवकुमार, दयाराम सिंह व सोमपाल सैनी आदि शामिल थे।

# बिजनौर में भव्यता से निकली महाराजा शूरसेन की शोभायात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर में महाराजा शूर सैनी स्मृति दिवस बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और ऐतिहासिक भव्यता के साथ मनाया गया। समाज की एकता गौरव और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक इस भव्य आयोजन में सैनी समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शोभायात्रा नगर के घेर रामबाग, तीबड़ी से निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। वहीं नगर पालिका चौक पर चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर बीरबल सिंह ने स्वागत किया। रेनबो पब्लिक स्कूल पर महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसायटी बिजनौर के तत्वावधान में शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया एवं हलवे का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर प्रधान कल्याण सिंह सैनी, मास्टर राजपाल सैनी, इंद्रपाल सैनी, डॉक्टर शिवराज सैनी, सैनी सभा के अध्यक्ष



कल्याण सिंह सैनी, निजामतपुरा चंदन सिंह सैनी, कपिल सैनी, सरिता सैनी, अर्जुन सिंह सैनी, गिरिलाल सैनी, संजय सैनी, हरि सिंह सैनी, एडवोकेट मंसाराम सैनी, एडवोकेट नीरज कश्यप, हिमांशु कश्यप, आशीष शर्मा, नरेश कश्यप, प्रधान बाबूराम सैनी, सूरजमल सैनी, राजकुमार सैनी, विकास सैनी, जितेंद्र सैनी, मोहित सैनी, ऋषिपाल सैनी, कैलाश चंद सैनी, देवदत्त सैनी, एडवोकेट अरविंद कुमार गुप्ता, देवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# चिल्ड्रन्स एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने 10 स्वर्ण, चार रजत पदक जीते

**नूरपुर ( चिंगारी )।** चिल्ड्रंस एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया। हिंदी ओलंपियाड परीक्षा भाषा विकास हेतु रक्षा एवं विदेश मंत्रालय द्वारा सितंबर में कराई गई थी। इसमें विद्यालय के यशस्वी सिंह, व्योम यादव, साक्षी यादव, अन्वी चौधरी, गर्वित गोयल, वंश चौहान, दिशिका चौधरी, श्लोक प्रताप, चिंकी तथा पलक देवरा ने स्वर्ण पदक जीते। सात्विक राठी, मोहम्मद फैज, परिधि गुप्ता तथा एंजिल चौधरी ने रजत पदक तथा मोहम्मद अयाज ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य गौरव गोयल ने बच्चों की सफलता के लिए उनके गहन अध्ययन एवं शिक्षकों द्वारा बताए गए बिंदुओं का अनुसरण करने का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

# वीर बाल दिवस पर बिजनौर व भरैरा में निकला बाल पथ संचलन

## गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष में मंडावली खंड का वीर बाल पथ संचलन ग्राम भरैरा में निकाला गया। मंडावली खंड में बाल स्वयंसेवक ग्राम भरैरा के हनुमान धाम मंदिर में एकत्र हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता, डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जय श्री गुरु जी के चित्र पर मुख्य वक्ता सहजिला प्रचार प्रमुख अनुराग व मंडावली खंड के संघ चालक लोकेश ने पुष्प अर्पण किये।

मुख्य वक्ता अनुराग ने बाल स्वयंसेवकों को श्री गुरु गोविंद सिंह जी के परिवार के बलिदान की गाथा सुनायी और कहा कि हमें वीर चारों साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। किस प्रकार उन्होंने अन्याय और अधर्म के विरुद्ध धर्म के पालन के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। उन्होंने यह भी कहा कि पंच परिवर्तन किस प्रकार अपने देश के विकास और भारत माता को परम वैभव पर ले जा सकते हैं।

तत्पश्चात प्रार्थना हुई और उसके बाद ग्राम भरैरा में बाल स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह उमंग, खंड प्रचार प्रमुख मनोज, प्रकाश, पौरुष, शुभम, ललित, लोकेश आदि उपस्थित रहे।

वीर बाल दिवस के उपलक्ष में बिजनौर नगर में सभी बस्तियों के बाल स्वयंसेवक बाबा हरिहर मंदिर बिजनौर में एकत्र हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता, डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जय श्री गुरु जी के चित्र पर कार्यक्रम अध्यक्ष सरदार सरजीत सिंह, मुख्य वक्ता राहुल, जॉइन आरएसएस के प्रांत प्रमुख व माननीय नगर संघ चालक विकास लाड़यान ने पुष्प अर्पण किये।

मुख्य वक्ता राहुल ने बाल स्वयंसेवकों को बताया कि किस प्रकार श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार का बलिदान 21 से 27 दिसम्बर तक हो गया। उन्होंने कहा कि जो संस्कृति अपने इतिहास को भूल जाती है, वह खुद एक इतिहास बन जाती है। उन्होंने कहा कि हमें वीर चारों साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

तत्पश्चात प्रार्थना हुई और उसके बाद बाल स्वयंसेवकों का पथ नगर के मुख्य मार्ग तथा कई बस्तियों में निकाला गया। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह दीपक, सहप्रचार प्रमुख यश कर्णवाल, संदीप, यश, राघव, विपुल, जयंत, सौरभ, युवराज, जिला सहव्यवस्था प्रमुख सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।



# अनोखा प्रयास वैलफेयर सोसायटी ने परीक्षा में स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

## कोतवाली के छात्र कार्तिक ने प्रथम, वंश ने द्वितीय, मिसबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया




**चांदपुर ( चिंगारी )**। सामाजिक एवं शैक्षिक संस्था अनोखा प्रयास वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में 26 अक्टूबर को संपन्न हुई परीक्षा में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध समाजसेवी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष, सहकारिता डॉ. बीरबल सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर गजेन्द्र सिंह ने सभी को पुरस्कार प्रदान किए।

संस्था के अध्यक्ष चित्र कुमार ने बताया कि दो स्तरों के लिए आयोजित की गई अनोखा प्रयास परीक्षा में उच्च प्राथमिक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय कस्बा कोटरा विकास क्षेत्र कोतवाली के छात्र कार्तिक ने प्रथम स्थान, शेखपुरा तुर्क, कोतवाली के छात्र वंश ने द्वितीय स्थान दहीरपुर, नजीबाबाद की छात्रा मिसबा परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन्हें क्रमशः 10000 रुपए, 5000 रुपए एवं 2100 रुपए की नकद धनराशि के साथ ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। इनके अतिरिक्त जिला स्तर पर शीर्ष 10 विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त करने वाले शेष सात विद्यार्थियों भोजपुर भोपतपुर के छात्र आरुल, फैज़ीपुर जलीलपुर के छात्र हर्षित, शेखुपुरा जलीलपुर के छात्र यश, चांदानंगली हल्दौर के छात्र आदी, जमालुद्दीनपुर जलीलपुर के छात्र विवेक कुमार, शाहबपुरा रतन किरतपुर की छात्रा आफिया एवं रजपुरा कोतवाली की छात्रा नेहा को 1000 -1000 की नकद धनराशि, सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी पुरस्कार प्रदान किए गए। इनके अतिरिक्त ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक ब्लॉक से शीर्ष तीन विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। वहीं प्राथमिक वर्ग में अलीपुरा जट कोतवाली के विद्यार्थी मनजीत सिंह ने प्रथम, आब्दीपुर हरवंश कोतवाली के विद्यार्थी ऋषभ कुमार ने द्वितीय एवं शेखुपुरा जलीलपुर की छात्रा मिन्नी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जिन्हें क्रमशः 5000, 2500 तथा 1500 की नकद धनराशि, सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। साथ ही जिला स्तर पर सिर्फ 10 विद्यार्थियों ने स्थान पाए अन्य सात विद्यार्थियों रजपुरा कोतवाली के छात्र मोहम्मद अफान, मुजफ्फरपुर केशो देवमल के छात्र आदर्श, हकीकत पर सहसू कोतवाली की छात्रा उर्वशी, अकबरपुर सीमली जलीलपुर के छात्र अंश, तिमरपुर देवमल की छात्रा तनु, बल्लाशेरपुर आंकू के छात्र अनंत, लतीफपुर चुखेड़ी जलीलपुर के छात्र संकल्प गोस्वामी एवं खेड़ीजट आंकू के छात्र अमन कुमार को 1000-1000 की नकद धनराशि सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी प्रदान किए गए। साथ ही ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक ब्लॉक से शीर्ष तीन विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। अनोखा प्रयास टीम से अर्चना, आसमा सचदेवा, मनीषा त्यागी, हिमानी प्रजापति, आकांक्षा चौधरी, मानवी कपिल, रुचि शर्मा, प्रीति रानी, मीनाक्षी कौशिक, स्वाति गुप्ता, नेहा सैनी, रश्मि वर्मा, मंजू पाल, रुचि रस्तौगी, स्वाति वर्मा, संजीव, शलभ, हिमांशु, जयदीप मलिक, रूपेश राजपूत, अंशुल, आशीष, राकेश कुमार, केशव कुमार, विकुल तोमर, तरुण अग्रवाल, तमसीर अहमद आदि उपस्थित रहे।

## बीएलओ ने अपने-अपने बूथों पर वोटर लिस्ट चस्पां की, मुनादी व ऐलान भी कराया



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशित होने उपरांत बीएलओ को उपलब्ध हुई मतदाता सूची को बीएलओ ने अपने-अपने बूथों पर चस्पां किया। सूची चस्पां होते ही मतदाताओं ने अपने-अपने नाम तलाशने शुरू कर दिये हैं। उधर इस बाबत बीएलओ ने सार्वजनिक तौर पर ऐलान कराते हुए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मुनादी भी कराई। इस संबंध में बीएलओ सहदेव सिंह, अनीस अहमद, नेहा परवीन व आलिया नाज ने सभी मतदाताओं से अपने-अपने नाम चेक कर लेने का आह्वान किया। इस संबंध में सुपरवाइजर इरफान अली मंसूरी ने बताया कि ग्रामीण 30 दिसंबर तक कोई भी नया वोट बनवाने, आपत्ति दर्ज कराने अथवा संशोधन कार्य हेतु संबंधित बीएलओ से संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं।

## पं. मदनमोहन मालवीय व वाजपेयी जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**चांदपुर ( चिंगारी )**। ब्राह्मण विकास सेवा समिति के तत्वाधान में पं. मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर श्री मालवीय व श्री वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। गुरुवार को सुबह नगर के मुहल्ला कटारमल स्थित श्री बिहारी संस्कृत महाविद्यालय में सर्वप्रथम हवन हुआ, जिसमें यजमान दिग्विजय शर्मा व पुरोहित नन्द कुमार पाण्डे थे। बाद में समिति के अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी की अध्यक्षता एवं महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट के संचालन में गोष्ठी हुई। गोष्ठी में वक्ताओं ने महामना पं. मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। गोष्ठी में कृष्णवीर शर्मा, नन्द कुमार पाण्डे, डा. दिग्विजय शर्मा, डा. विनोद कुमार शर्मा, डा. राकेश कुमार शर्मा, राजीव शर्मा, संदीप शर्मा, कामेश्वर प्रसाद शर्मा, नन्दकुमार शर्मा, सुनील शर्मा, संजीव शर्मा, नरेन्द्र शर्मा सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

### विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई



कार्यक्रम में उपस्थित मेधावी बच्चे व शिक्षक ।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज आसफाबाद चमन का वार्षिकोत्स धूमधाम से संपन्न हुआ। भाजपा के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता एवं शिक्षक भोजराज सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष डॉ. तेजपाल सिंह मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रधानाचार्य भूपेंद्र गहलोत, प्रबंध समिति की कार्यकारिणी सदस्या इंदु गहलोत व लता गहलोत, डॉ. वीरेंद्र सिसोदिया एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज धामपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती मिथिलेश बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वक्ताओं ने अपने-अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## भाकियू (टिकैत) का महासम्मेलन 28 को बादीगढ़ में

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की अफजलगढ़ ब्लॉक इकाई द्वारा 28 दिसंबर रविवार को प्रातः 10 बजे से बादीगढ़ चौराहा स्थित राजपूत पैलेस में किसान महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2025 की विदाई एवं नववर्ष 2026 की बधाई नामक इस कार्यक्रम में किसानों से अधिकाधिक संख्या में भागीदारी का आह्वान किया गया है। भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान के मुताबिक किसानों के इस महासम्मेलन में नववर्ष की बधाई कार्यक्रम के साथ-साथ किसान भाइयों की समस्याएं भी सुनी जाएगीं और उनके समाधान के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। शैलेंद्र चौहान ने किसानों से कार्यक्रम में अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराने का भी आह्वान किया है।



# वर्ष 2025 में बिजनौर ने पोस्टकार्ड को दिया जीवनदान

## 1869 में ऑस्ट्रिया में हुआ था पोस्टकार्ड का जन्म

**फ्लैश बैक 2025**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अलविदा हो रहे साल 2025 में बिजनौर देश का ऐसा जनपद बन गया, जिसने एक गुमनाम को नया जीवन देने का काम किया है। कभी संचार क्रांति का सबसे सस्ता और लोकप्रिय माध्यम पोस्टकार्ड हुआ करता था, परन्तु डिजिटल क्रांति के युग में यह गुमनाम जीवन जीते हुए अंतिम सांसें ले रहा है। बिजनौर ने इसे सहारा देकर नया जीवन देने की उम्मीद जगा दी। 147 साल पूर्व जन्मे पोस्टकार्ड को बिजनौर में नई सांसें देने का श्रेय भारतीय किसान यूनियन अराजनैति के नेता चौधरी दिगंबर सिंह को जाता है।

दुनिया में पोस्टकार्ड का जन्म 1869 में ऑस्ट्रिया में हुआ था। अर्थशास्त्री डॉक्टर इमैनुएल हरमैन इसके आविष्कारक थे। भारत में पोस्टकार्ड एक जुलाई 1879 को चलन में आया था, तब इसकी कीमत मात्र 3 पैसे थी। भारत में संचार क्रांति का यह रूप बहुत प्रसिद्ध हुआ था। आंकड़े बताते हैं कि संचार क्रांति का सबसे सस्ता और लोकप्रिय माध्यम होने के चलते 1883 तक मात्र साढ़े चार वर्षों में ही 2.6 करोड़ पोस्टकार्ड प्रिंटिंग कर बेचे जा चुके थे। 1990 के दशक में भी डाक का सबसे सस्ता रूप होने के चलते भारत में ही अरबों की संख्या में पोस्टकार्ड छपते और बिकते थे। परंतु डिजिटल क्रांति के युग में जब से इंसानों की मुट्ठी में मोबाइल फोन आया है, तब से पोस्टकार्ड की छपाई और बिक्री में 90 प्रतिशत तक गिरावट आ गई है।



पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत करते दिगंबर सिंह

भारत में पोस्टकार्ड की छपाई के लिए सिक्युरिटी प्रिंटिंग प्रेस (एसपीपी) हैदराबाद राज्य में एकमात्र प्रिंटिंग प्रेस है। कभी इस प्रेस में हर महीने लाखों, करोड़ों पोस्टकार्ड छपते थे। वर्तमान में पोस्टकार्ड की मांग में भारी गिरावट होने के चलते अब केवल इस प्रेस में हर महीने मात्र 80 हजार पोस्टकार्ड छापे जाते हैं, जिनको बेच पाना डाकघरों के लिए मुश्किल हो रहा है। भारत में 1.65 लाख पोस्ट ऑफिस हैं। इस हिसाब से हर महीने देश में दो पोस्ट ऑफिस मिलकर भी एक पोस्टकार्ड नहीं बेच पा रहे हैं। देश में अब अधिकतर लोगों ने पोस्टकार्ड की सेवाएं लेना बंद कर दी है। वे यह महसूस करते हैं कि अब उन्हें इसकी कोई जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में डाक का यह सबसे सस्ता माध्यम जिसकी कीमत 146 वर्षों में तीन पैसे से बढ़कर आज 50 पैसे की है, वह मांग में भारी गिरावट होने से मानो मृत्यु शैय्या पर अंतिम सांसें ले रहा है।




गंगा एक्सप्रेस-वे के लिये पत्र-पेटिका में पोस्टकार्ड डालती महिला।

### पोस्टकार्ड की प्रिंटिंग में यूपीयू का दखल

संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन यूपीयू ही दुनिया की एकमात्र आधिकारिक एजेंसी है, जो पोस्टकार्ड में मिलने वाली स्टेशनरी को बंद कर सकती है। एजेंसी के 192 देशों की सूचि में भारत 1876 से इसका सदस्य है तथा एजेंसी के नियमों से बंधा हुआ है। भारत में पोस्टकार्ड की लगातार मांग घटने के बाद भी भारत सरकार अपनी स्वेच्छा से पोस्टकार्ड की छपाई को बंद नहीं कर सकती है। सदस्य देशों को पोस्टकार्ड की छपाई बंद करने के लिए यूपीयू से अनुमति लेनी होगी, तभी पोस्टकार्ड की प्रिंटिंग बंद हो सकती है।



गंगा स्नान मेले में पोस्टकार्ड अभियान को धार देते दिगम्बर सिंह।

### दिगंबर सिंह ने बिजनौर में पोस्टकार्ड को नया जीवन दिया

देश में अंतिम सांसें ले रहे पोस्टकार्ड को बिजनौर में भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने पोस्टकार्ड को नया जीवन देने का काम किया है। चौधरी दिगंबर सिंह ने गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़ने के लिए जनपद में एक आंदोलन की शुरुआत की थी। इस आंदोलन को उहोंने माह अक्टूबर में एक नया रूप दिया था। दिगंबर सिंह ने जनपदवासियों से अपील करते हुए गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड अभियान चलाने का आग्रह किया था। उनके आग्रह करने पर जब लोग जनपद के पोस्ट ऑफिसों में पोस्टकार्ड खरीदने पहुंचे तो वहां पोस्टकार्ड उपलब्ध ही नहीं थे। किसान यूनियन के दबाव में डाक विभाग के अधिकारियों को जनपद में पोस्टकार्ड भेजना पड़े। चौधरी दिगंबर सिंह बताते हैं कि अक्टूबर से लेकर अब तक जनपद के पोस्ट ऑफिसों से साढ़े चार लाख पोस्टकार्ड खरीदे जा चुके हैं। भाकियू नेता दिगंबर सिंह के आह्वाहन पर जनपद में पोस्टकार्ड की मांग बहुत अधिक बढ़ने से देश की एकमात्र पोस्टकार्ड प्रिंटिंग प्रेस एसपीपी में इस समय जितने भी पोस्टकार्ड छापे जा रहे हैं उसकी खेप बिजनौर जनपद पहुंच रही है। इस डिजिटल युग में अचानक पोस्टकार्ड की मांग बढ़ने से एसपीपी प्रिंटिंग प्रेस में पोस्टकार्ड की छपाई का काम भी बढ़ गया है। कुल मिलाकर बिजनौर जनपद ने 2025 में 4.5 लाख पोस्टकार्ड खरीदकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही पोस्टकार्ड को नई पहचान और जन्म देने का काम किया है। यदि भविष्य में बिजनौर जनपद की तर्ज पर देश के भीतर पोस्टकार्ड को ऐसे ही अभियान से जोड़ दिया जाएगा, तब पोस्टकार्ड के जीवित बचे रहने की उम्मीद बच सकती है।



किरतपुर ब्लॉक से ग्राम शाहपुर सुक्खा भेजे गये 21000 पोस्टकार्ड।

## प्रधान जुबैदा ने गांव में जलवाये अलाव

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सुबह-शाम छा रहे कोहरे के बीच हर रोज बढ़ रही कड़ाके की सर्दी के मद्देनजर ग्राम पंचायत सीरवासुचंद की ग्राम प्रधान श्रीमती जुबैदा शकील ने ग्रामीणों/राहगीरों व दुकानदारों आदि के लिए गांव में जगह-जगह अलाव की व्यवस्था कराई, जहां ग्रामीण तापते हुए ठंड से राहत महसूस कर रहे हैं। प्रधान पुत्र मौ. फिरोज एवं प्रधान प्रतिनिधि इकबाल अहमद जगह-जगह जल रहे अलाव पर लकड़ी की उपलब्धता पर नजर रखे हुए हैं। इस संबंध में प्रधानपति शकील अहमद का कहना है कि ग्रामीणों को अलाव के लिए आवश्यकतानुसार लकड़ी मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की हर छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान का हर सम्भव प्रयास हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं, जिसे हम हमेशा निभाते रहेंगे।



## अटल जी नेता ही नहीं महान विचारक व संवेदनशील व्यक्ति थे

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला फतेहनगर स्थित कामेश्वर राजपूत के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा महान कवि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बृहस्पतिवार की दोपहर कार्यक्रम में भाजपा नेता कामेश्वर राजपूत ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल एक कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि महान विचारक, कवि और संवेदनशील व्यक्ति थे। उनकी राष्ट्रवादी सोच,लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और सर्वसमावेशी दृष्टिकोण को हमेशा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा और उनके विचार आज भी देशवासियों को एकता, सद्भाव और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से अटल जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके सपनों को साकार करने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दौलत सिंह पाल, संजय सिंह प्रजापति, हरि सिंह, राम सिंह सैनी, जवहार सैनी, पवन कुमार, कामेन्द्र सैनी, राजेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाई मदन मोहन मालवीय व वाजपेयी जी की जयंती



बिजनौर (चिंगारी)। समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी वाजपेई की जयंती धूमधाम से मनाई गई, जिसमें नौ कुंडीय महायज्ञ यज्ञाचार्य श्री गौरी शंकर भारद्वाज ने सम्पन्न कराया, जिसमें समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा आहुति दी गई एवं परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 26 अप्रैल को समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा निकालने का निर्णय किया गया।

सम्पूर्ण कार्यक्रम पुरोहित संघ बिजनौर द्वारा संचालित किया गया कार्यक्रम में विभोर कौशिक एडवोकेट जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ पंजीकृत बिजनौर एवं तुषार शर्मा एडवोकेट नगर अध्यक्ष राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ पंजीकृत बिजनौर एवं शोभा शर्मा जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ पंजीकृत बिजनौर का विशेष योगदान रहा

कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्राह्मण महासभा, ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन, पुरोहित संघ एवं युवा मंच से अभिषेक पाराशर,अभिषेक भारद्वाज, केशव, सिद्धार्थ, अमित शर्मा, मोहित भारद्वाज शेखुपुरा, रविकांत कौशिक, अंकुर शर्मा, सतीश शर्मा, विपुल शर्मा, गौरांग, नीरज शर्मा गंज, पंकज भारद्वाज, अवनीश गौर,आदि एवं संपूर्ण जिले के ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

# मालवीय और वाजपेयी जयंती पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित



बिजनौर (चिंगारी)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से आर्य समाज के सभागार में भारत रत्न मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पंडित सुबोध पाराशर ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों से राजनीतिक राष्ट्रीय सेवा एवं समाजसेवा के प्रति समर्पण की भावना के गुण ग्रहण करने चाहिए। सुबोध पाराशर ने अपने महापुरुषों के आदर्शों का पालन करने के लिए कहा। पंडित राजेंद्र गौतम ने शिक्षा पर जोर देते हुए अपने बच्चों को उच्च से उच्च शिक्षा देने पर बल दिया। डा. पंकज भारद्वाज ने कहा कि परिवार के बेटे-बेटियों को सम्मान भाव से अच्छी शिक्षा दिलाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित दिनेशचंद शास्त्री तथा संचालन डॉक्टर रंजना शर्मा ने किया। एडवोकेट संजय शर्मा ने ब्राह्मणों की मदद करने की बात कही। पंडित सत्येंद्र सत्येंद्र शर्मा ने ब्राह्मणों की एकता पर जोर दिया। इस अवसर पर अनुपम शमा, सविता शर्मा, साक्षी, निर्मला, उषा, शशि आदि मौजूद रहे।

# आरएसएस के बाल कार्यकर्ताओं ने किया बाल पथ संचलन

नांगल सोती (चिंगारी)। वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को आरएसएस खंड नांगल के तत्वावधान में बाल पथ संचलन किया गया।

सिखों के दशम पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों तथा माता गुजरी जी की शहादत की याद में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को मनाये जाने वाले वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल कार्यकर्ता स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में एकत्रित हुए। संघ के द्वारा 21 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में जिला प्रचार प्रमुख हेमेन्द्र सिंह ने बाल स्वयंसेवकों को बौद्धिक दिया। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिये, लेकिन धर्म परिवर्तन नहीं किया। उनके छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह (9 वर्ष) व बाबा फतेह सिंह (7 वर्ष) को 26 दिसम्बर, 1705 को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया, मगर उन्होंने न ही नवाब वजीर खां के सामने शीश झुकाया और न ही अपना धर्म बदला। उसके बाद बाल स्वयंसेवकों ने खानपुर, नांगल, शहजादपुर, जीतपुर के मुख्य मार्गों से होकर पथ संचलन किया। खंड संघ चालक सत्यपाल सिंह, खंड कार्यवाह पंकज पाल, शैलभ सिंह, मोहन सिंह, विक्रम सिंह, मनीराम सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने दी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि

नूरपुर (चिंगारी)। बृहस्पतिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्र भक्त व भारत माता के महान सपूत थे। उन्होंने अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से मां भारत को विश्व भर में गौरान्वित किया। कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र शेखावत, निशान्त कर्णवाल, धर्मेन्द्र जोशी, अंकित जोशी, डॉ. नफ़ीस गुलरेज, सुधीर कुमार, वीरप्रकाश भुइयार, प्रेमपाल सिंह रवि आदि उपस्थित रहे।



# भारतीय किसान संघ के प्रयासों से कब्जामुक्त हुई ज़मीन

बिजनौर (चिंगारी)। मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक के गांव खुरेड़ी में युवा मंगल दल की भूमि पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा था, जिसे भारतीय किसान संघ के अथक प्रयासों द्वारा तहसीलदार की उपस्थिति में कब्जामुक्त कराया, जिससे ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। तहसीलदार बिजनौर, रूपेन्द्र सिंह मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक अध्यक्ष, बृज किशोर अध्यक्ष गन्ना समिति, मतेश राजपूत, अनिल कुमार, दीपेंद्र, विनीत कुमार भोलू, अमरपाल सिंह एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



# नारी शक्ति संगठन ने कराया सहभोज का आयोजन



बिजनौर (चिंगारी)। नारी शक्ति संगठन की महिलाओं ने मिलकर संगठन की मंत्री मनीषा गुप्ता के आवास मयूर विहार कॉलोनी पर सहभोज का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने सहभोज की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहभोज का उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है। यह जात-पात और भेदभाव को मिटाकर रिश्तों को मजबूत करता है। अत: हमें समाज में समय-समय पर सहभोज का कार्यक्रम करते रहना चाहिए। सहभोज के कार्यक्रम में महामंत्री शिवानी चौहान, उपाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल, निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, मंत्री संतोष, रिंकी मसीह, करुणा अग्रवाल, मनीषा गुप्ता, भारती सिंह, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मिडिया प्रभारी माही सदस्य अमिता चौधरी, पूनम शर्मा, अलका विश्नोई, शिवानी शर्मा, मंजू मलिक, आदेश मलिक, सरोज, ममता मित्तल, रुचि अग्रवाल, मंजू चौधरी, सुनीता शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

# सड़क हादसे में चार लोगों की मौत के मामले में डम्पर चालक के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

नांगल सोती (चिंगारी)। भीषण सड़क दुर्घटना में क्रेटा कार सवार चार व्यक्तियों की मृत्यु के प्रकरण में कार स्वामी ने अज्ञात डम्पर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कार स्वामी के पिता की भी सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी।

ज्ञातव्य है कि 21 दिसम्बर की रात्रि 11:15 बजे ग्राम अभिपुरा स्थित पेट्रोल पम्प के नजदीक तेज रफ्तार क्रेटा कार आगे जा रहे मिट्टी से भरे डम्पर में घुस जाने से मौके पर ही क्रेटा सवार चार व्यक्तियों की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। मृतकों में नांगल थानांतर्गत ग्राम सराय आलम निवासी बुजुर्ग कारी इकबाल अहमद (76 वर्ष), मंडावली थानांतर्गत ग्राम राहतपुर खुर्द निवासी हाजी अशफाक उर्फ बाबू (65 वर्ष), एहतेशाम (20 वर्ष) पुत्र हाजी मौ. एहसान तथा सलाउद्दीन (26 वर्ष) पुत्र मौ. मुमताज शामिल थे। दुर्घटना के कारण बने मिट्टी से भरे डम्पर को बदलकर उसके स्थान पर खाली डम्पर को दिखाते हुए थाने लाने के प्रकरण में एएसपी (सिटी) डा. कृष्णगोपाल सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक तथा सिपाही अंकित सैनी को सस्पेंड कर दिया था। साथ ही डम्पर स्वामी/ ईंट भट्टा संचालक ओमप्रकाश भाटी तथा उसके पुत्र कुनाल भाटी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा भी दर्ज किया गया था। अवैध खनन कर मिट्टी के परिवहन का आरोप भी था।

मृतक हाजी मौ. अशफाक उर्फ बाबू के पुत्र मौ. नदीम निवासी राहतपुर ने कल शाम पुलिस को उक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में तहरीर सौंपी थी। तहरीर में कहा गया है कि उसकी क्रेटा कार संख्या एचआर 26 ईएन- 7580 अपनी सही दिशा पर चल रही थी। कार को सलाउद्दीन चला रहा था। कार के आगे चल रहे डम्पर संख्या यूपी 16 जीटी 7580 का ड्राइवर तेजी व लापरवाही से चलाते हुए अचानक डम्पर को कार के आगे ले आया। इससे डम्पर व कार की टक्कर हो गयी और कार सवार चारों व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि नदीम की तहरीर के आधार पर अज्ञात डम्पर चालक के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 281, 125 (बी), 106 (1) तथा 324 (5) के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# महापुरुषों का बलिदान भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा : सुरेन्द्र सिंह नेगी

## इंका ने मनाई वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली की जयंती

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पेशावर कांड के नायक व उत्तराखंड के गौरव वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गुरूवार को तहसील परिसर स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी व पूर्व महापौर हेमलता नेगी सहित कार्यकर्ताओं ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली ने वर्ष 1930 के पेशावर कांड में अंग्रेजी हुकूमत के अन्यायपूर्ण आदेशों को मानने से इंकार कर निहत्थे भारतीयों पर गोली चलाने से मना कर दिया था। यह निर्णय केवल साहस का नहीं, बल्कि मानवता और देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। पूर्व महापौर हेमलता नेगी ने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड की वीर परंपरा के सच्चे प्रतीक हैं। हमें गर्व है कि हमारी देवभूमि ने ऐसे महान सपूत को जन्म दिया, जिन्होंने देश और समाज के लिए अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली का जीवन हमें यह सिखाता है कि सत्ता या भय के आगे झुकने के बजाय सत्य और न्याय के पक्ष में खड़ा होना ही सच्ची देशसेवा है। कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों पर चलकर देश और समाज की सेवा करती रही है। मौके पर सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, सेवादल अध्यक्ष महावीर सिंह रावत, रूपेंद्र सिंह नेगी, बृजपाल सिंह नेगी, संकेश्वर प्रसाद सेमवाल, सतेंद्र सिंह नेगी, हेमचंद सिंह पवार और शूरवीर सिंह खेतवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**गुरूवार को तहसील में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।**

## एमवीएम में किया गया तुलसी पूजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में क्रिसमस और तुलसी पूजन की पूर्व संध्या पर बुधवार को क्रिसमस और तुलसी पूजन का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह गुसाईं सहित शिक्षक लक्ष्मी रावत एवं आशीष डोबरियाल ने तुलसी पूजन कर किया। तत्पश्चात पौराणिक कथाओं में तुलसी के महत्व और इसके औषधीय गुणों के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों ने क्रिसमस एवं तुलसी दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांता क्लॉज़ का आगमन था, जिन्होंने बच्चों को मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

## खेलों के साथ क्रिसमस एवं तुलसी पूजन मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ स्थित क्रैडल पब्लिक स्कूल खेल सप्ताह के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएं जारी हैं। खेल सप्ताह के चतुर्थ दिवस गुरूवार को खेलों के साथ ही क्रिसमस एवं तुलसी पूजन का त्यौहार भी मनाया गया। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत जूनियर कबड्डी बालिका वर्ग में येलो हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय एवं ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा। वहीं बालक वर्ग में ब्लू हाउस पहले, ग्रीन हाउस दूसरे और येलो हाउस तीसरे स्थान पर रहा। सीनियर कबड्डी बालिका वर्ग में रेड हाउस प्रथम, येलो हाउस द्वितीय एवं ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा। जबकि बालक वर्ग में ब्लू हाउस पहले, ग्रीन हाउस दूसरे और येलो हाउस तीसरे स्थान पर रहा। लम्बी कूद जूनियर बालिका वर्ग में आरुषि रावत ने पहला, अंशिका रावत ने दूसरा और प्रियांशी रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में अभिराज प्रथम शिवम शकलानी द्वितीय एवं वेदांत तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## उक्रांद ने स्व. इन्द्रमणि बडोनी की सौवीं जयंती मनाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल की स्थानीय शाखा की ओर से गुरूवार को शिब्बू नगर स्थित कार्यालय में उत्तराखंड के गांधी स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की सौ वीं जयंती के अवसर पर 'स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी का सपना, उत्तराखंड के समग्र विकास हेतु यूकेडी की सत्ता ही विकल्प' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का आरंभ करते हुए दल के संरक्षक डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी के राज्य निर्माण आंदोलन और संघर्ष को याद करते हुए कहा कि वे दूरदर्शी नेता थे और भली भांति जानते थे कि क्षेत्रीय पार्टी ही पहाड़ी राज्य का विकास कर सकती है, इसीलिए उन्होंने क्षेत्रीय पार्टी उत्तराखंड क्रांति दल के गठन और विकास में अपना जीवन समर्पित कर दिया। कहा कि उनके विराट व्यक्तित्व के चलते 1994 में उत्तराखंड आंदोलन के दौरान बीबीसी लंदन और वाशिंगटन पोस्ट जैसे समाचार पत्रों ने उनके द्वारा चलाए गए आंदोलन की सराहना की थी। मुख्य वक्ता दल के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उनके जन्मदिवस को संस्कृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, परन्तु अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। मौके पर राज्य आंदोलन में उनके द्वारा दिए गए योगदान को स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल करने की मांग की गई। गोष्ठी में प्रवेश चंद्र नवानी, जगदीपक सिंह रावत,जनार्दन प्रसाद ध्यानी, भारत मोहन काला, हरीश द्विवेदी,उमेद सिंह भंडारी,पुष्कर सिंह रावत, संजय खंतवाल और नरेंद्र सिंह नेगी आदि शामिल रहे ।

## विधायक ने नई सीवरेज लाइन का किया निरीक्षण

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हरिपुर कलां में लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नई सीवरेज लाइन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिये। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं से आमजन के स्वास्थ्य और स्वच्छता का सीधा संबंध है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान क्षेत्रवासियों को न्यूनतम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किया जाए। क्षेत्र के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और सरकार इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

# अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारी जोर-शोर से जारी

## सेना के अधिकारियों ने प्रशासन के साथ बैठक की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कौड़िया स्थित गबर सिंह कैंप में 15 जनवरी से होने वाली सेना की अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर बुधवार देर शाम को सेना के अधिकारियों ने नगर निगम सभागार में स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। बैठक में निदेशक एआरओ लैंसडौन कर्नल आरएस पंवार ने कहा कि भर्ती रैली में प्रतिदिन करीब 800 युवाओं के आने की संभावना है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं को भर्ती मैदान से उनके गंतव्य रेलवे स्टेशन, बस अड्डा व अन्य स्थानों तक छोड़ने के लिए बसों की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने नगर निगम से प्रवेश स्थल व भर्ती ग्राउंड में मोबाइल शौचालय की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही प्रवेश स्थल पर बने अस्थायी शौचालयों की मरम्मत कराने, ब्लीचिंग व चूने का नियमित छिड़काव करने के लिए कहा। शिक्षा विभाग से प्रमाणपत्रों की जांच के लिए काम करने वाले लोगों की ड्यूटी लगाने के लिए कहा गया। वहीं जल संस्थान को पेयजल आपूर्ति के लिए प्रतिदिन आठ टैंकरों की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। उप जिलाधिकारी चतर सिंह चौहान ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं 14 जनवरी से पहले जुटा लेने के लिए निर्देशित किया। मौके पर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप मिश्रा को भर्ती स्थल के आसपास लगने वाली दुकानों पर खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच करने के लिए कहा गया। बैठक में सूबेदार मेजर मदनलाल, मेजर डॉ. मार्कंडेय मेहता, तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, कोतवाल प्रदीप नेगी, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, ऊर्जा निगम की अधिशासी अभियंता नंदिता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## डीएम के निरीक्षण के उपरांत आईएसबीटी में मरम्मत कार्य की हुई शुरूआत



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल के आईएसबीटी अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के निरीक्षण के उपरांत दिए गए निर्देशों के क्रम में आईएसबीटी क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किए जाने हेतु विभिन्न सुधार कार्यों की शुरुआत कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आईएसबीटी के निकासी गेट बंद होने तथा अव्यवस्थित पार्किंग तथा सड़क किनारे अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये थे। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आईएसबीटी के निकासी गेट का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही फ्लाईओवर के नीचे सुव्यवस्थित पार्किंग निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। आईएसबीटी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से सड़क किनारे उपलब्ध खाली भूमि पर पार्किंग के लिए टाइल बिछाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग पर अंकुश लगाया जा सके। इसके अतिरिक्त, क्रॉसओवर निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो गया है, जिससे यातायात के दबाव को कम करने में सहायता मिलेगी जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए तथा निर्माण कार्यों के दौरान यातायात एवं यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिला प्रशासन द्वारा आईएसबीटी क्षेत्र को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं यात्री-अनुकूल बनाए जाने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी**।
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**


Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

## किराये हेतु
## (दो मंज़िला मकान)

चांदपुर रोड निकट कोहिनूर बैंकेट हॉल बिजनौर स्थित 6887 वर्ग फीट में बना एक दो मंजिला मकान, जिसमें 4 बड़े कमरे नीचे व 3 बड़े कमरे ऊपर, किचन, बरामदे, आंगन आदि समस्त सुविधाओं से युक्त किराये हेतु उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- 7017085972, 9927004771

## दो भाइयों ने सड़क की ईंटें ही चुरा लीं

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मौहम्मदपुर देवमल ब्लॉक के ग्राम फजलपुर में तयेरे-चचेरे दो भाइयों ने सड़क ही चोरी कर ली। इन लोगों ने सार्वजनिक सड़क की ईंटें अपने मकान में लगा लीं। शिकायत करने पर उक्त भाइयों से चोरी की गई ईंटों की कीमत वसूली के आदेश हुये हैं। कश्यप समाज संगठन सेवा समिति के अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने डीएम से शिकायत की थी कि ग्राम फजलपुर निवासी अनिल पुत्र खूब सिंह व उसके चचेरे भाई सोमपाल धूम सिंह ने गांव में लगे खड़ंजे की ईंटें चोरी कर अपने मकान के निर्माण में लगा ली हैं। डीएम के आदेश पर घटना की जांच कराई गई। शिकायत सही पाये जाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने आरोपी दोनों भाइयों से ईंटों की कीमत वसूल करने के निर्देश दिये हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार कांता प्रसाद पुष्पक के पिता मदन लाल का निधन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षक कांता प्रसाद पुष्पक के पिता मदनलाल सिंह का गुरुवार सुबह बीमारी के चलते निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। उनकी उम्र 82 वर्ष थी। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसकी जानकारी होते ही जिलेभर के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार कांता प्रसाद पुष्पक के घर पर सांत्वना देने के लिए पत्रकारों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व सभ्रांत लोगों का तांता लगा रहा। गुरुवार की दोपहर स्थानीय शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

## आवश्यक सूचना

जिला परिषद वेतन भोगी अध्यापक सहकारी समिति लि.बिजनौर को कार्यालय संचालन हेतु 1300-1400 वर्गफुट का भवन किराये पर चाहिए। भवन में 3 कमरे, लैट्रिन-बाथरूम, किचन, पार्किंग तथा आने-जाने का उचित मार्ग होना आवश्यक है। इच्छुक भवन स्वामी अपनी निविदा दिनांक 15 जनवरी 2026 तक पंजीकृत डाक द्वारा समिति कार्यालय, बिजनौर को भेजें।

-अध्यक्ष जिला परिषद वेतन भोगी अध्यापक सहकारी समिति लि., बिजनौर मो. 8455940911

## पुण्य-स्मरण



( निधन 26.12.1996 )

आज से 29 वर्ष पूर्व हमें छोड़कर स्वर्गवासी हुए हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री दलेल सिंह एडवोकेट**

की 29वीं पुण्यतिथि पर हम सब उनका पावन स्मरण करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं।

विनोद तोमर एडवोकेट ( पुत्र ), शैली तोमर ( पुत्रवधू ), देवांशी सिंह, संस्कृति ( पौत्री ), कर्तव्य तोमर ( पौत्र )

शीलकुंज, डाक बंगले के सामने, बिजनौर

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or YOU CAN SAVE ₹20 000*
₹10 000 On Credit Card ₹10 000 Cash benefits

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911